

फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# NEET पेपर लीक: 'सीक्रेट क्लास' में डिक्टेट हुए सवाल-जवाब, CBI ने मास्टरमाइंड को दब


नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2026 पेपर लीक मामले में जांच एजेंसी CBI ने बड़ा खुलासा किया है। मामले के कथित मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोप है कि पुणे के रहने वाले रिटायर्ड केमिस्ट्री शिक्षक कुलकर्णी ने परीक्षा से पहले चुनिंदा छात्रों को गुप्त तरीके से सवाल और उनके जवाब डिक्टेट किए। इस साल करीब 22 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, लेकिन पेपर लीक विवाद के बाद परीक्षा रद्द कर 21 जून को दोबारा कराने का फैसला लिया गया है। जांच में सामने आया कि अप्रैल के आखिरी हफ्ते में कुलकर्णी ने अपनी सहयोगी मनीषा वाघमारे के साथ मिलकर कुछ छात्रों का एक विशेष ग्रुप तैयार किया। आरोप है कि कुलकर्णी ने अपने पुणे स्थित घर पर 'स्पेशल कोचिंग क्लास' के नाम पर गुप्त सत्र आयोजित किए, जहां छात्रों को प्रश्न, विकल्प और सही उत्तर हाथ से कॉपी में लिखवाए गए। CBI को मिले हस्तलिखित नोट्स कथित तौर पर NEET-UG 2026 के असली केमिस्ट्री पेपर से मेल खाते पाए गए हैं।




जांच एजेंसी के अनुसार कुलकर्णी महाराष्ट्र के लातूर जिले के निवासी हैं और एक प्रतिष्ठित कॉलेज में केमिस्ट्री फैकल्टी रह चुके हैं। करीब चार साल पहले रिटायर होने के बावजूद उनका परीक्षा प्रक्रिया से कथित संबंध बना हुआ था। CBI का दावा है कि इसी कनेक्शन के जरिए उन्हें गोपनीय प्रश्नपत्रों तक पहुंच मिली। हालांकि एजेंसी ने उनके सटीक रोल को लेकर अभी पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। अब तक देश के कई शहरों से सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। CBI मामले की गहराई से जांच कर रही है और NTA से जुड़े कुछ अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में बताई जा रही है। पेपर लीक की इस घटना ने लाखों छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी पैदा कर दी है, वहीं दोबारा परीक्षा की तैयारी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# Janganana

## ऑनलाइन स्व-गणना में दिक्कत? इन नंबरों पर करें कॉल या व्हाट्सएप | Aligarh News




अलीगढ़। जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) के तहत चल रही ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों की शिकायतें सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर हेल्पलाइन कंट्रोल रूम शुरू कर दिया है। पोर्टल की धीमी रफ्तार, ओटीपी देर से मिलने और मकान की लोकेशन मार्क करने में आ रही परेशानी को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नागरिक सहायता के लिए फोन नंबर 0571-2400701, हेल्पलाइन 8171496081 और जनगणना सहायक का व्हाट्सएप नंबर 7906856081 जारी किया गया है, जहां संपर्क कर समस्या का समाधान पाया जा सकता है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने अपील की है कि नागरिक 21 मई तक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर लें, क्योंकि इसके बाद 22 मई से प्रगणक घर-घर जाकर डेटा एकत्र करेंगे।

**se.census.gov.in**

पोर्टल पर राज्य चयन, मोबाइल नंबर और परिवार के मुखिया के नाम के साथ ओटीपी सत्यापन के बाद मकान की लोकेशन मार्क करनी होती है। सफल पंजीकरण के बाद प्राप्त 'एसई आईडी' प्रगणक को दिखानी होगी। वहीं, जनगणना-2027 के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 21 कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। नगर आयुक्त प्रेमप्रकाश मीणा ने बताया कि स्पष्टीकरण असंतोषजनक मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# Aligarh News: नीट लीक पर एनएसयूआई का विरोध



अलीगढ़। नीट पेपर लीक मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन National Students' Union of India (एनएसयूआई) ने शुक्रवार को सेंटर प्वाइंट पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन पहले से तैनात पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद पुतला छीन लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। जिलाध्यक्ष आकाश मसीह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि छात्रों के साथ परीक्षा केंद्रों पर सख्ती की जाती है, लेकिन पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाओं पर सरकार जवाबदेह नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है और दोबारा परीक्षा कराने से भी यह भरोसा नहीं दिया जा सकता कि पेपर सुरक्षित रहेगा। प्रदर्शन में अलंकार शर्मा, पुलकित पाठक, फातिमा दियाना आरसी, अमल सिनान, मुहम्मद फारिस अली, शहजाद पी, लुकमान एस, निया फातिमा एमएस, शमशाद अशरफ, अब्दुल बासित और शाहिद केसी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# Aligarh News: मामू-भांजा रेडियो मार्केट को जल्द मिलेगी जाम से राहत

अलीगढ़। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र मामू-भांजा रेडियो मार्केट को जाम, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण की समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है। नगर निगम ने क्षेत्र को व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों से समस्याएं सुनीं और सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी दुकानदार अपनी निर्धारित सीमा के भीतर ही दुकान लगाएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।



निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के लिए अगले तीन दिनों में 20 से 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिन्हें कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाएगा। इससे अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और सफाई व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। पार्किंग समस्या के समाधान के लिए गांधीपार्क स्थित नगर निगम कॉम्प्लेक्स की अंडरग्राउंड पार्किंग को 15 दिनों में कब्जा मुक्त कराकर दुकानदारों के लिए शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही तांगा स्टैंड के पास दोपहिया पार्किंग की व्यवस्था भी जल्द शुरू कराई जाएगी और नाले पर हुए अतिक्रमण को चिह्नित कर हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# Aaj Ka Rashifal 16 May

## इन राशि वालों के लिए सफलता से भरा रहेगा दिन, नई नौकरी के बनेंगे योग

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 16 मई 2026 का राशिफल।आज का दिन कुछ राशियों के लिए अचानक खुशखबरी और आर्थिक लाभ लेकर आ सकता है, जबकि कुछ लोगों को रिश्तों और कामकाज में सावधानी बरतनी होगी। ग्रहों की चाल क्या संकेत दे रही है, जानिए 16 मई का राशिफल।





### मेष

आज का दिन आपके लिए खास उपलब्धियों का संकेत लेकर आया है। लंबे समय से अटका कोई जरूरी काम आखिरकार पूरा हो सकता है। परिवार में एकजुटता बनी रहेगी और संतान की खुशी के लिए नया वाहन खरीदने का योग बन रहा है। सेहत को लेकर लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए सावधानी जरूरी होगी। अनजान लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसान दे सकता है।



### वृषभ

आज का दिन सामान्य होते हुए भी कई नए अवसर लेकर आ सकता है। नई नौकरी का ऑफर आकर्षित करेगा, लेकिन फिलहाल पुरानी जगह टिके रहना समझदारी होगी। रिश्तों में मजबूती आएगी और वरिष्ठों का सहयोग मनोबल बढ़ाएगा। अचानक खर्च बढ़ने से थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन आपकी मेहनत आपको एक नई पहचान दिलाने वाली है। कुछ खास लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए लाभकारी साबित होगी।



### मिथुन

आज लेन-देन के मामलों में सतर्कता बरतना बेहद जरूरी रहेगा। पुराने मित्र से मुलाकात बीती यादों को ताज़ा कर सकती है। जिम्मेदारियों से पीछे हटने के बजाय पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। जीवनसाथी के लिए किया गया कोई सरप्राइज रिश्तों में नई मिठास घोल देगा। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होने के संकेत हैं और रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।



### कर्क

आज का दिन सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है, लेकिन धैर्य और समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। गुस्से पर कंट्रोल रखना आपके लिए सबसे बड़ा हथियार होगा। भाई-बहनों के साथ चल रहे विवाद सुलझाने का सही समय है। लंबे समय से अटका सरकारी काम पूरा होने से राहत महसूस होगी।



### सिंह

आज भागदौड़ ज्यादा रहेगी, लेकिन मेहनत का फल भी मिलेगा। बिजनेस में नई पार्टनरशिप भविष्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। परिवार में शादी-विवाह से जुड़ी रुकावटें दूर होने से खुशी का माहौल बनेगा। काम का दबाव शाम तक थकान और सिरदर्द दे सकता है, इसलिए आराम भी जरूरी है। उधार लेने से बचें, वरना आगे परेशानी बढ़ सकती है।



### कन्या

आज जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करना आपकी सफलता की कुंजी बनेगा। परिवार के बड़े बुजुर्गों की सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभकारी रह सकता है। आपकी लोकप्रियता और जनसमर्थन बढ़ेगा। नया पद या सम्मान मिलने के संकेत भी दिखाई दे रहे हैं। यात्रा के दौरान सावधानी रखना बेहद जरूरी होगा।



### तुला

आज आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी रहेगा। आय और खर्च के बीच तालमेल ही आपकी शांति बनाए रखेगा। परिवार की समस्याओं में बाहरी लोगों की सलाह लेने से बचें। वरिष्ठों की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक साबित होगी। सेहत को नजरअंदाज करना मुश्किलें बढ़ा सकता है। ऑफिस में फोकस बनाए रखें, नहीं तो बॉस नाराज हो सकते हैं।



### वृश्चिक

आज का दिन खुशियों और नए बदलावों से भरा रह सकता है। दूर रहने वाले किसी प्रियजन से मुलाकात मन को सुकून देगी। घर की सजावट या रिनोवेशन पर खर्च बढ़ सकता है। छोटे बच्चों की फरमाइशें आपका दिल खुश कर देंगी। लेन-देन के मामले आसानी से सुलझने से रुके हुए काम भी गति पकड़ेंगे। मां की बातों को हल्के में लेने से बचें।



### धनु

आज तरक्की के नए रास्ते आपके सामने खुल सकते हैं। बिजनेस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की योजना सफल हो सकती है। दोस्तों के साथ बिताया गया समय तनाव कम करेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और प्रेम जीवन में खास मुलाकात दिल को खुश कर सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिलने के संकेत हैं।



### मकर

आज उन्नति की रफ्तार तेज रहने वाली है। आपकी मेहनत और तेजी से किए गए काम कुछ लोगों को परेशान कर सकते हैं, जिससे नए विरोधी भी बन सकते हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में समझदारी से कदम बढ़ाना जरूरी होगा। सरकारी कामों में सफलता मिलने की संभावना है। दूसरों पर निर्भर रहने से बचें, क्योंकि कोई आपके काम में रुकावट डाल सकता है।



### कुंभ

आज का दिन बाकी दिनों से ज्यादा खुशनुमा और सुकून भरा रहेगा। घर-परिवार में खुशी और एकता का माहौल बना रहेगा। संतान की परीक्षा का परिणाम मन को राहत देगा। जीवनसाथी को प्रमोशन मिलने से गर्व और खुशी महसूस होगी। भाई-बहनों की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा, लेकिन किसी करीबी की सेहत को लेकर चिंता बनी रह सकती है।



### मीन

आज थोड़ी सावधानी और समझदारी की जरूरत रहेगी। छोटी लापरवाही बड़ी परेशानी खड़ी कर सकती है। कार्यक्षेत्र में किसी से बहस होने की संभावना है, इसलिए शब्दों पर नियंत्रण रखें। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की नई शुरुआत हो सकती है। बिजनेस में किया गया निवेश भविष्य में अच्छा लाभ देगा। पार्टनरशिप में कदम बढ़ाने से पहले पूरी जांच-पड़ताल जरूर करें।

# यूपी: प्रदेश में आज से लू और तपिश का अलर्ट

## इन जिलों के लिए जारी हुई विशेष चेतावनी; जानिए पूर्वानुमान




यूपी में आंधी-बारिश के उतार-चढ़ाव अब खत्म हो गए हैं। प्रदेश में 16 मई से भीषण गर्मी का अलर्ट जारी हुआ है।उत्तर प्रदेश में लगातार मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। बीते 13 और 14 मई को तेज आंधी और झोंकेदार हवाओं ने कई जिलों में भारी नुकसान पहुंचाया। कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। दूसरी ओर बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में भीषण गर्मी व तेज धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बुंदेलखंड के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर इन आठ जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी और तपिश का असर प्रदेश के मध्य हिस्सों तक तेजी से पहुंचेगा। शुक्रवार को बांदा 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा झांसी, उरई, प्रयागराज और आगरा में भी गर्मी का असर तीखा बना रहा।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार फिलहाल प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। ऐसे में मौसम शुष्क बना रहेगा और विकिरणीय ऊष्मन से अगले पांच दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं 18 और 19 मई के लिए कई क्षेत्रों में भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# UP: होटल के 10 कमरों में लगे थे

## हिडन कैमरे', बेचता था कपल्स के अश्लील वीडियो, कानपुर में जिस्मफरोशी का खुलासा



विनायकपुर में होटल रिद्धि पैलेस पर छापेमारी कर पुलिस ने जिस्मफरोशी रैकेट और हिडन कैमरा नेटवर्क पकड़ा है। संचालक प्रमोद गुप्ता के मोबाइल से 250 अश्लील वीडियो मिले हैं, जिन्हें वह विभिन्न साइट्स पर बेचता था। मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।कानपुर के रावतपुर में होटल रिद्धि पैलेस में पकड़े गए जिस्मफरोशी रैकेट का मास्टरमाइंड होटल संचालक प्रमोद गुप्ता ने होटल करीब ढाई महीने पहले किराये पर लिया। होटल के सभी 10 कमरों में एडॉप्टर में लगे हिडन कैमरे लगाए। इन कमरों में आने वाले ग्राहकों के चोरी छिपे अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें साइट्स को बेच देता था।पुलिस के अनुसार जब प्रमोद गुप्ता का मोबाइल जब्त किया गया, तो वह आनाकानी करने लगा। मोबाइल का पासवर्ड डालने को कहा, तो आनाकानी करने लगा। कड़ाई करने पर मोबाइल खोला, तो उसकी गैलरी में कई अश्लील वीडियो मिले जो होटल के कमरे के ही थे। इस पर होटल के कमरों खंगाला तो हिडन कैमरे मिले।प्रत्येक कमरे में बेड के सामने एलईडी टीवी लगी मिली, जबकि नीचे सेट टॉप बॉक्स रखा था। इसका एडॉप्टर इलेक्ट्रिक सॉकेट में लगा हुआ था। एडॉप्टर खोला, तो उसमें कैमरा मिला। पुलिस की पूछताछ में संचालक ने बताया कि अश्लील वीडियो साइट्स को बेचता था। पुलिस के अनुसार फिलहाल भवन स्वामी की भूमिका सामने नहीं आई है पकड़ी गईं तीन महिलाएं फैक्टरियों में काम करने वाली नई उम्र की गरीब युवतियों को रुपयों का प्रलोभन देकर इस पेशे में उतारती थीं। एक युवक से संबंध बनाने पर उन्हें 500 रुपये मिलते थे। होटल आने वाले पुरुषों से1000-1500 रुपये लिए जाते थे। बाकी रुपयों का बंटवारा संचालक और दलाल महिलाओं और अंबिका में हो जाता था।रैकेट चलने की सूचना पर क्राइम ब्रांच और रावतपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने जाल बिछाकर भंडाफोड़ किया। सबसे पहले एक पुलिस कर्मी होटल में कस्टमर बनकर पहुंचा। उसे 1200 रुपये रेट बताया गया, जबकि पुलिस कर्मी 700 रुपये में टिका रहा। देर तक बातचीत में 1000 रुपये में डील फिक्स हुई। सूचना पुख्ता होने पर बाहर खड़ी टीम ने छापा मारा, तो जिस्मफरोशी रैकेट का भंडाफोड़ हो गया।विनायकपुर के पंचवटी स्थित होटल रिद्धि पैलेस में रावतपुर पुलिस ने छापा मारकर जिस्मफरोशी रैकेट का खुलासा किया।

# सेलिना जेटली ने प्रीति जिंटा
## की जमकर की तारीफ, बताया मुश्किल वक्त की रोशनी



सेलिना जेटली धर्मशाला में प्रीति जिंटा के साथ पंजाब किंग्स को चीयर करने के लिए मौजूद थीं। उन्होंने एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने इस एक्ट्रेस की तारीफ की है।सेलिना ने लिखा, 'मेरे सबसे मुश्किल समय में मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी रोशनी में से एक मेरी प्यारी, मेरी जान, मेरी इकलौती क्वीन, प्रीति जिंटा है। दुनिया प्रीति की खूबसूरती और जबरदस्त एक्टिंग की तारीफ करती है। हालांकि उनका दिल भी उतना ही खूबसूरत है जितनी वह बाहर से दिखती हैं।'सेलिना ने आगे लिखा 'प्रीति अकेली ऐसी क्वीन हैं जो किंग्स की मालकिन हैं। वह ऐसी महिला हैं, जिसने न सिर्फ सिनेमा में, न सिर्फ स्पोर्ट्स में, बल्कि लाखों लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। कल रात उनके साथ खड़े होकर, उनके जबरदस्त जोश, उनके जुनून और अपनी टीम पंजाब किंग्स के लिए उनके प्यार को चीयर करते हुए देखकर मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ।' सेलिना ने की तस्वीर शेयर की।

## मल्लिका शेरावत के ड्रेस ने मचाया हंगामा



फ्रांस में इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल चल रहा है। यहां आलिया भट्ट से लेकर कल्याणी प्रियदर्शन तक ने अपने जलवे दिखाए हैं। इस बीच अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने अपनी पुरानी यादें शेयर की हैं। उन्होंने जैकी चैन के साथ अपने कान डेब्यू को याद किया है। उन्होंने कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और एक नोट लिखा है।लगभग 2 दशक पहले, 'मर्डर' एक्ट्रेस पहली बार कान के रेड कार्पेट पर एक लो-कट ब्लाउज और घाघरा पहनकर पहुंची थीं। अपने कपड़ों की पसंद से उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। मल्लिका ने बताया कि जो ड्रेस उस वक्त बोल्ड लगती थी, वह अब नॉर्मल हो गई है।इंस्टाग्राम पर मल्लिका ने एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने कई तस्वीरें शेयर की हैं।मल्लिका ने लिखा 'कान फिल्म फेस्टिवल में यह मेरा पहला मौका था। मैं वहां 20 साल पहले जैकी चैन के साथ गई थी। मैंने एक बहुत ही डीप-कट ब्लाउज के साथ घाघरा पहना था। इस ड्रेस ने हंगामा मचा दिया था! अभिनेत्री ने लिखा 'इसने सुर्खियां बटोरीं, और तो और मुझे मशहूर टाइम मैगजीन में भी जगह मिली। यहां मेरी तुलना सुपरस्टार ब्रिगिट बार्डोट से की गई। एक छोटे शहर की लड़की के लिए... यह सब किसी सपने जैसा था। लोगों ने इसे 'बहुत ज्यादा' कहा था। और अब यह नॉर्मल है।

# पति पत्नी और वो 2' देखकर खुश हुईं आयुष्मान खुराना की मां



एक्टर आयुष्मान खुराना की नई फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' 15 मई को रिलीज हो गई है। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनकी नई फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' बहुत पसंद आई और फिल्म देखने के बाद उन्होंने इमोशनल होकर उनके दिवंगत पिता को याद किया।आयुष्मान ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'मां ने आशीर्वाद दे दिया। कहती हैं कि तेरी फिल्म बहुत अच्छी है। वो कह रही थीं कि अगर पापा होते तो उन्हें बहुत अच्छा लगता।' एक्टर ने आगे बताया कि उनकी मां फिल्म देखकर काफी खुश हुईं और लंबे समय बाद खुलकर हंसीं। उन्होंने लिखा, 'मां 'पति पत्नी और वो 2' देखकर लंबे समय बाद इतनी हंसी।'फिल्म के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने बताया कि वह बचपन से संजीव कुमार की क्लासिक फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' के बड़े फैन रहे हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में वह फिल्म का गाना 'ठंडे ठंडे पानी से नहाना चाहिए' खूब गुनगुनाते थे और वही कनेक्शन उन्हें इस फिल्म तक लेकर आया।आयुष्मान ने फिल्म में अपने किरदार को 'फंसा हुआ पति' बताया और कहा कि दर्शकों को उसकी परेशानियां देखकर खूब मजा आने वाला है। उन्होंने कहा कि फिल्म में सिचुएशनल कॉमेडी और मजेदार गलतफहमियों का तड़का है।

# NEET पेपर लीक पर भड़के विशाल ददलानी
## बोले- 'अनपढ़ नेताओं को सत्ता में मत बैठाइए'; यूजर्स ने किया जमकर सपोर्ट



देशभर में NEET-UG पेपर लीक विवाद को लेकर छात्रों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। अब इस मामले पर सिंगर और म्यूजिक कंपोजर विशाल ददलानी ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर उनका बयान तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर लोग जमकर अपनी राय दे रहे हैं। विशाल ददलानी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में सिस्टम और नेताओं पर सवाल उठाए। शेयर कर कहा कि 'अनपढ़ और अज्ञान लोगों को सत्ता में मत बैठाइए।' उन्होंने जिम्मेदारों पर कड़े बयान दिए और लोगों सेअपील की कि अपना वोट सोच समझकर दें।पोस्ट सामने आने के बाद कई छात्रों ने भी उनकी बात का समर्थन किया।कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी अपील की तारीफ की और उन्हें हीरो बताया। वहीं बड़ी संख्या में यूजर्स ने कहा कि बार-बार होने वाले पेपर लीक से मेहनत करने वाले छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। कई लोगों ने परीक्षा प्रणाली में बड़े सुधार की मांग की है।नीट-यूजी की परीक्षा पहले 3 मई को आयोजित की गई थी, लेकिन 7 मई को यह बात सामने आई कि गेस पेपर वाले सवाल ही मुख्य परीक्षा में पूछे गए हैं। प्रारंभिक जांच के बाद मामले को तुरंत जांच एजेंसियों को सौंप दिया गया। 8 मई से जांच प्रक्रिया शुरू हुई और 12 मई को छात्रों के हित में इस परीक्षा को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने इस री-एग्जाम की नई तारीख 21 जून तय की है।

## वेलकम टू द जंगल' का मजेदार टीजर हुआ रिलीज




इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है।आखिरकार, आज अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है।

# भारत में बेरोजगारी

## छह माह के उच्च स्तर पर: अप्रैल में 5.2 फीसदी तक पहुंची, शहरों में मामूली सुधार




भारत में बेरोजगारी दर छह माह के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। अप्रैल में 5.2 फीसदी पर पहुंची बेरोजगारी दर के बीच एक सकारात्मक संकेत शहरों में मामूली सुधार दर्ज किया जाना रहा। श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक शहरी महिलाओं की बेरोजगारी एक साल में सबसे कम पाई गई है।देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अप्रैल में बढ़कर 5.2 फीसदी हो गई। यह पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है। मार्च में यह दर 5.1 फीसदी थी। इससे पहले अक्तूबर, 2025 में बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी दर्ज की गई थी।सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मार्च के 6.8 फीसदी से घटकर अप्रैल में 6.6 फीसदी रह गई,ग्रामीण क्षेत्रों में घटकर 54.9 हो गया।

### डब्ल्यूपीआर यानी कार्यरत आबादी का अनुपात

ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी बढ़कर 4.4 फीसदी हो गई, जबकि शहरी महिला बेरोजगारी दर घटकर 8.5 फीसदी रही। यह पिछले वर्ष अप्रैल के बाद सबसे निचला स्तर है। वीमेन पार्टिसिपेशन रेशियो (डब्ल्यूपीआर) यानी कार्यरत आबादी का अनुपात अप्रैल में 52.2 फीसदी रहा, जो मार्च में 52.6 फीसदी था। शहरी क्षेत्रों में यह 46.8 फीसदी पर स्थिर रहा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में घटकर 54.9 फीसदी हो गया।श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) अप्रैल में घटकर 55 फीसदी रही, जबकि मार्च में 55.4 फीसदी थी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 57.5 फीसदी एवं शहरी क्षेत्रों में 50.1 फीसदी दर्ज की गई। अप्रैल, 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर कम होकर 33.9 फीसदी रही,

# Biz Updates:

## घटिया अंडे बेचने के आरोप पर एफएसएसएआई सख्त

## चीन खरीदेगा 200 विमान, बोइंग ने ऑर्डर की पुष्टि की



### चीन खरीदेगा 200 विमान, बोइंग ने ऑर्डर की पुष्टि की

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शिखर सम्मेलन के बाद बोइंग को चीन से ऑर्डर मिला है। शुक्रवार को 200 विमानों के लिए इस समझौते का एलान खुद ट्रंप ने किया था। ट्रंप ने बताया कि चीन ने 750 बोइंग विमान खरीदने का अधिकार भी सुरक्षित रखा है। डील होने के बाद यह बीते एक दशक में पहली बड़ी बिक्री होगी। बोइंग ने 200 विमानों के ऑर्डर की पुष्टि की, लेकिन विमानों के प्रकार या अन्य विवरण साझा नहीं किए। बोइंग ने कहा कि चीन यात्रा सफल रही। बता दें कि बोइंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केली ऑर्टबर्ग भी ट्रंप के साथ बीजिंग गए थे। यात्रा का मुख्य लक्ष्य चीनी बाजार को बोइंग विमानों के ऑर्डर के लिए फिर से खोलना था। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जेईई और नीट परीक्षा परिणामों से जुड़े भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में मोशन एजुकेशन प्रालि. पर 10 लाख रुपये और सीकर स्थित करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी) पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा के आदेश में भ्रामक विज्ञापन को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माना गया। मोशन एजुकेशन ने अपने विज्ञापनों में परीक्षा नीट में 91.2 प्रतिशत और आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 51.02 प्रतिशत सफलता दर का दावा किया था। जबकि ऐसा नहीं था।पाकिस्तान ने चीनी पूंजी बाजार में प्रवेश करते हुए अपना पहला पांडा बॉन्ड जारी किया है। इसके जरिये पाकिस्तान ने करीब 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। पांडा बॉन्ड विदेशी संस्थाओं द्वारा चीन के घरेलू बाजार में तीन साल में परिपक्व होने वाले इस बॉन्ड पर 2.5 फीसदी ब्याज दर तय की गई है। इस बॉन्ड को निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट को घटिया गुणवत्ता वाले अंडे बेचने की शिकायतों पर नोटिस भेजा है। सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया पर कई ग्राहकों ने ब्लिंकिट से मिले अंडों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। शिकायतों में कहा गया कि ये अंडे बदबूदार और रबर जैसी बनावट वाले हैं, जो इंसानी उपभोग के लिए असुरक्षित हैं। एफएसएसएआई ने ब्लिंकिट को इस मामले में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। कंपनी को सात दिनों के भीतर एक व्यापक कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) सौंपनी होगी। इसमें ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटरों की जिम्मेदारियों के पालन का विवरण भी देना होगा। सूत्रों का कहना है कि अनुपालन न करने पर एफएसएस एक्ट 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ब्लिंकिट की ओर से इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। हरियाणा सरकार ने 590 करोड़ रुपये के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की कथित भूमिका की सीबीआई जांच को हरी झंडी दे दी है। यह अनुमति भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत दी गई है।सूत्रों के अनुसार, सरकार की मंजूरी सीबीआई को सौंप दिया गया।

# Gold Silver Price:

## आयात शुल्क बढ़ने से सोना 8550 रुपये और चांदी 20500 रुपये महंगी, बाजार में अफरातफरी



आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी के बाद 13 मई को सोने की कीमतें 8,550 रुपये और चांदी 20,500 रुपये उछली। सरकार ने गैर-जरूरी आयात कम करने के लिए शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% किया। जानें बाजार पर इसका असर, निवेशकों की राय और आगे की चुनौतियां।सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया, जिसके बाद बुधवार, 13 मई को स्थानीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। सोने का दाम 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 20,500 रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त वृद्धि हुई। यह बढ़ोतरी सरकार के गैर-जरूरी आयात को कम करने के फैसले का सीधा परिणाम है।अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दिल्ली के बाजारों में चांदी का दाम 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछली बंद कीमत 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5 फीसदी से अधिक है। सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। प्लेटिनम पर भी आयात शुल्क 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी किया गया है। ये नई दरें बुधवार से ही प्रभावी हो गई हैं। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने और गैर-जरूरी खरीद को हतोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेशी मुद्रा व्यय को कम करने के लिए सोने की खरीद पर अंकुश लगाने का आह्वान किया था।

# टाटा ट्रस्ट्स की बैठक स्थगित:

## MSCC ने कहा- शिकायत में गंभीर मुद्दे; कंपनी बोली चैरिटी आयुक्त का आदेश एकतरफा




महाराष्ट्र स्टेट चैरिटी कमिश्नर (MSCC) ने टाटा ट्रस्ट्स को 16 मई को निर्धारित न्यासी मंडल की प्रस्तावित बैठक स्थगित करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश सर रतन टाटा ट्रस्ट के न्यासी मंडल की संरचना से संबंधित है। नियमों के कथित उल्लंघन की लंबित जांच का हवाला देते एमएससीसी ने कहा है कि ई-मेल के माध्यम से दर्ज शिकायतों में गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। हालांकि, आयुक्त अमोघ एस. कलोटी के आदेश को टाटा ने एकतरफा बताया है। जानिए क्या है पूरा मामलामहाराष्ट्र राज्य चैरिटी आयुक्त (MSCC) ने टाटा ट्रस्ट्स को 16 मई को होने वाली बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड संरचना से संबंधित कथित नियमों के उल्लंघन की लंबित जांच के कारण दिया गया है। टाटा ट्रस्ट्स ने इस निर्देश को एकतरफा बताया है।चैरिटी आयुक्त ने ट्रस्ट को जांच पूरी होने तक ऐसी कोई भी बैठक न करने को कहा है। टाटा ट्रस्ट्स के पास टाटा संस का 66 फीसदी हिस्सा है। यह बैठक टाटा संस की लिस्टिंग और अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन की नियुक्ति जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण थी। 8 मई को होनी थी

## IPL Play-off Scenario: क्या अब भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है सीएसके? दिलचस्प हुई शीर्ष चार की दौड़ जानें समीकरण



IPL Playoffs Points Table Update: प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का काम बिगाड़ दिया है। ग्रुप स्टेज अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है, लेकिन अब तक कोई भी टीम आधिकारिक रूप से प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी है। आइए जानते हैं सभी टीमों का हाल चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिससे प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। सीएसके इस मैच से पहले अच्छी स्थिति में दिख रही थी, लेकिन एक हार से अब समीकरण बदल गए हैं और उसके लिए आगे की राह कठिन हो चली है। सीएसके को अंक तालिका में भी नुकसान हुआ है और वह एक पायदान खिसक कर पांचवें से छठे नंबर पर आ गई है। अब सवाल यह उठता है कि क्या चेन्नई की टीम अब भी प्लेऑफ के सकती है?

प्लेऑफ का समीकरण जानने से पहले यह देखना जरूरी है कि फिलहाल आईपीएल की अंक तालिका में कौन किस स्थान पर मौजूद है। सीएसके अंक तालिका में अब पांचवें से छठे नंबर पर आ गई है। टीम के कुल 12 अंक हैं। वहीं, सीएसके की हार से राजस्थान रॉयल्स को फायदा पहुंचा है। राजस्थान अंक तालिका में अब पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। 12 मुकाबलों में 16 अंक के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टॉप पर बनी हुई है। गुजरात टाइटंस भी 16 अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे नंबर पर काबिज है। सनराइजर्स हैदराबाद 12 मुकाबलों में 14 अंक के साथ तीसरे नंबर पर मौजूद है। वहीं, पंजाब किंग्स इतने ही मुकाबलों में 13 अंक लेकर चौथे नंबर पर है।




दिल्ली कैपिटल्स 11 मुकाबलों में नौ अंकों के साथ सातवें, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स आठवें पायदान पर है। मुंबई और लखनऊ पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हैं और ये दोनों टीमें क्रमश: नौवें और 10वें स्थान पर हैं।

लखनऊ ने सीएसके के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं क्योंकि पांच बार की चैंपियन इस टीम के लिए अब आगे की राह कठिन है। ग्रुप चरण में सीएसके के अब दो मैच शेष हैं और उसका सामना गुजरात और सनराइजर्स हैदराबाद से है। ये दोनों ही टीमें प्लेऑफ की मजबूत दावेदार हैं। सामान्य स्थिति में सीएसके को ये दोनों मैच जीतने होंगे जिससे वह दौड़ में बनी रह सके। अगर चेन्नई अपने दोनों मैच जीत जाती है तो उसके 16 अंक होंगे। लेकिन इसके बाद भी उसे दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। गुजरात प्लेऑफ में जाने के करीब है और अगर वह अगले दो मैच जीत जाती है तो उसके 20 अंक हो जाएंगे। हैदराबाद भी अधिकतम 18 अंक तक पहुंच सकती है। ऐसे में चेन्नई के सामने सबसे करीब प्रतिद्वंद्वी राजस्थान रॉयल्स है जिसके 11 मैचों में 12 अंक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीएसके को अपने बचे हुए मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे। टीम यदि 16 अंकों तक पहुंचती है तो नेट रन रेट और अन्य टीमों के परिणाम अहम भूमिका निभाएंगे। दूसरी ओर Gujarat Titans, Royal Challengers Bengaluru और Sunrisers Hyderabad प्लेऑफ के बेहद करीब पहुंच चुकी हैं। अब शीर्ष चार की जंग में Rajasthan Royals, Punjab Kings, Kolkata Knight Riders और Delhi Capitals भी अपनी उम्मीदें बचाए हुए हैं। ऐसे में आने वाले हर मुकाबले का असर सीधे प्लेऑफ की तस्वीर पर पड़ने वाला है। आईपीएल 2026 का प्लेऑफ मुकाबला अब बेहद रोमांचक हो गया है।

## IPL 2026: ऑरेंज कैप की दौड़ में क्लासेन-सुदर्शन के बीच कड़ी टक्कर पर्पल कैप पर भुवनेश्वर का दावा मजबूत




आईपीएल 2026 का सीजन अब अंतिम चरण में पहुंच रहा है और इसके साथ ही ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ भी दिलचस्प होती जा रही है। मौजूदा सीजन में फिलहाल सबसे ज्यादा रन हेनरिक क्लासेन ने बनाए हैं, लेकिन उनके ठीक पीछे साई सुदर्शन और विराट कोहली हैं। आईपीएल 2026 का सीजन अब समापन की ओर बढ़ रहा है। लीग चरण खत्म होने को है जिसके बाद प्लेऑफ मुकाबले खेले जाएंगे। इस सीजन भी बल्लेबाजों का दम देखने को मिला है जिससे ऑरेंज कैप की दौड़ दिलचस्प हो गई है।

फिलहाल इस रेस में हेनरिक क्लासेन और साई सुदर्शन सबसे आगे चल रहे हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने मौजूदा सीजन में 500+ रन बनाए हैं, लेकिन क्लासेन अभी शीर्ष पर हैं। ऑरेंज कैप सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के सिर की शोभा बढ़ा रही है। वहीं, साई सुदर्शन 501 रन बनाकर लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। आईपीएल 2026 के 59वें मैच में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को सात विकेट से हराया। एलएसजी की इस जीत के नायक मिचेल मार्श रहे, जिन्होंने सिर्फ 38 गेंदों का सामना करते हुए 90 रनों की दमदार पारी खेली। मार्श ऑरेंज कैप की रेस में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से आगे निकल गए हैं। मार्श इस सीजन खेले 12 मुकाबलों में 162 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 467 रन बना चुके हैं। वह आईपीएल 2026 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में छठे नंबर पर आ गए हैं।

## Women's T20 World Cup: भारतीय महिला टीम ने विश्व कप से पहले लिया महाकाल का आशीर्वाद भस्म आरती में हुए शामिल



भारतीय महिला टीम ने टी20 विश्व कप से पहले उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी मौजूद थीं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारतीय टीम ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और सभी खिलाड़ी भस्म आरती में भी शामिल हुईं। भारतीय टीम की कई खिलाड़ी अपने परिवार संग आशीर्वाद लेने पहुंचीं। सभी खिलाड़ियों ने पूजा-अर्चना करते हुए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने की मनोकामना मांगी। भारतीय टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने बताया कि महाकाल के दरबार में आकर उन्हें काफी शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि वह पिछले महीने भी यहां आई थीं और भस्म आरती के दौरान बाबा के दर्शन करके उन्हें काफी सुकून मिलता है। यास्तिका ने बताया कि सभी खिलाड़ी विश्व कप से पहले भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेना चाहती थीं, ताकि टीम के लिए टूर्नामेंट शानदार गुजरे। गौरतलब है कि वनडे विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भी भारतीय टीम ने महाकाल के दर्शन किए थे। महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी।

## LSG vs CSK: प्लेऑफ की डगर हुई मुश्किल तालिका में छठे स्थान पर खिसकी चेन्नई जीत के साथ लखनऊ ने बिगाड़ा खेल



लखनऊ ने चेन्नई को सात विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने 187 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की शतकीय साझेदारी के दम पर 188 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आकाश सिंह की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की शतकीय साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाएंट्स (सीएसके) को सात विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 20 गेंदों के शेष रहते तीन विकेट पर 188 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 17वें ओवर की चार गेंदों पर पूरन ने लगातार चार छक्के ठोककर लखनऊ को जीत दिलाई।इस हार के साथ चेन्नई की प्लेऑफ की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। टीम छठे पायदान पर पहुंच गई। उसके खाते में 12 अंक हैं और नेट रन रेट 0.027 हो गया है। वहीं, प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ की टीम तालिका में 10वें स्थान पर पहुंच गई है। टॉप-4 में आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद और पंजाब की टीमें हैं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की तरफ से पारी की शुरुआत करने आए मिचेल मार्श ने मात्र 38 गेंदों पर सात छक्कों और नौ चौकों की मदद से 90 रन की पारी खेल टीम को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।

जोश इंग्लिश ने 32 गेंदों पर 36 और निकोलस पूरन ने 17 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। मुकुल चौधरी भी 10 गेंदों पर 13 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने सैमसन, गायकवाड़ और उर्विल पटेल के रूप में शुरुआती तीन विकेट 7.2 ओवर में 52 रन पर गंवा दिए थे। सैमसन 20, गायकवाड़ नौ और पटेल छह रन बनाकर आउट हुए। कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 70 रनों की बेहद अहम साझेदारी की। कार्तिक का सीजन का यह दूसरा अर्धशतक था।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

